बरेली, रविवार
3 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण inext

Page No :04 TOP

एसआरएमएस ने 800 स्टूडेंट्स को बांटी 3 करोड़ छात्रवृत्ति

स्व श्री राममूर्ति की तैंतीसवी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 800 से मिला लाभ

गेस्ट को किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Oct): श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों बरेली, उन्नाव और लखनऊ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस मौके पर राष्ट्रध्वज भी फहराया गया. इसके साथ ही बरेली स्थित श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के श्री राममूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्व. श्री राममूर्ति जी की 33वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह मनाया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में चेयरमैन देव मूर्ति ने अपने पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये.

चयनित कर किया सम्मानित

ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देव मूर्ति ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिभाओं के धनी ऐसे व्यक्तियों को श्री राममूर्ति प्रतिभा अलंकरण के लिए चयनित किया गया. जिन्होंने अपने योगदानों से देश व प्रदेश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया हो. इस वर्ष के प्रतिभा अलंकरण निम्न प्रतिभाओं को दिये गये.

1990 में की ट्रस्ट की स्थापना

ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी देवमूर्ति ने कहा कि पूजनीय बाबू श्री राममूर्ति और गांधी जी से प्रेरणा लेकर 1990 में एसआरएमएस ट्रस्ट की स्थापना की गई. उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की शुरूआत 1990 में 11 लोगों को 21 हजार रुपए से की थी, जो आज 800 से अधिक विद्यार्थियों को तीन करोड़ रुपए प्रदान करने तक पहुंच गई है. समारोह में कुशल नीतिकार जयंत कृष्णा, प्रसिद्ध सितार वादक इटावा घराना से उस्ताद शाकिर खां, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व महापौर सुभाष पटेल, कर्नल अभय स्वरूप, पूर्व विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम, ट्रस्टी आशा मूर्ति, सिब्तेन मियां उर्फ शब्बू मियां प्रबंधक खानकाये नियाजिया, गुरु मेहरोत्रा, विकास शर्मा आदि रहे.

20 कहानीकारों ने लिया हिस्सा

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कहानी प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के 20 कहानीकारों ने हिस्सा लिया. जिसमें देहरादून के व्रिज किशोर को कहानी शीर्षक 'कर भला सो हो भला, के लिये प्रथम पुरस्कार के रूप में रुपए 11 हजार, एवं प्रमाण पत्र, बरेली के सार्थक सारस्वत को कहानी शीर्षक 'ईमान का उत्सव, के लिये द्वितीय पुरस्कार के रूप में रुपए पांच हजार, - एवं प्रमाण पत्र, देहरादून के ही निशांत कुमार को कहानी शीर्षक 'सफलता की कुंजी - परिश्रम, के लिये तृतीय पुरस्कार के रूप में रुपए चार हजार, एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए. कहानी प्रतियोगिता में कानपुर की शालिनी तिवारी के कहानी शीर्षक 'मानवता का रिश्ता, एवं देहरादून के अभिनन्दन पाण्डेय के कहानी शीर्षक 'विपति कसौटी जे कसे तेहि साचे मित्र, को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 2500 रुपए व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया.

सभी स्कूल के स्टूडेंट्स रहे मौजूद

श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट द्वारा बरेली, उन्नाव और लखनऊ स्थित संस्थानों के 800 से अधिक स्टूडेंट्स को ट्रस्ट द्वारा तीन करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की गई. छात्रवृत्ति पाकर स्टूडेंट्स के चेहरे खिल गए.